# सेना रैली भर्ती (केवल पुरुष अभ्यर्थी) : मोहन लाल सुखडिया स्टेडियम भीलवाडा 15 नवम्बर 2017 से 26 नवम्बर 2017 तक

## ऑनलाईन पंजीकरण अनिवार्य है तथा 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2017 तक होगा

1. सेना भर्ती कार्यालय, कोटा की तरफ से सेना भर्ती रैली का आयोजन मोहन लाल सुखडिया स्टेडियम, भीलवाडा में किया जा रहा है । सेना भर्ती का आयोजन 15 नवम्बर 2017 (बुधवार) से 26 नवम्बर 2017 (रविवार) तक निर्धारित किया गया है ।

2. कोटा, बून्दी, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, अजमेर, राजसमंद और चितौड़गढ इन आठ जिलों के पुरुष अभ्यार्थी रैली मे भाग ले सकते हैं ।

3. भर्ती के पदः -

- ☞ सैनिक सामान्य पद (Soldier General Duty) ।
- ☞ सैनिक क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल (Soldier Clerk & Store Keeper Technical) ।
- ☞ सैनिक तकनीकि (Soldier Technical) ।
- ☞ सैनिक नर्सिंग सहायक (Soldier Nursing Assistant) ।
- ☞ सैनिक ट्रेडसमैन (Soldier Tradesmen)।

4. पदवार आवश्यक शैक्षणिक पात्रता :-

| पद / श्रेणी | आयु की गणना 01अक्टूबर 2017 से की जायेगी | |
|---|---|---|
| | उम्र | जनम तिथि निम्न के मध्य होनी चाहिये। |
| सैनिक सामान्य ड्यूटी | 17½ वर्ष से 21 वर्ष तक | 01 अक्टूबर 1996 से 01 अप्रैल 2000 |
| सैनिक तकनीकी | 17½ वर्ष से 23 वर्ष तक | 01 अक्टूबर 1994 से 01 अप्रैल 2000 |
| सैनिक क्लर्क / स्टोर कीपर तकनीकी | | |
| सैनिक नर्सिंग सहायक | | |
| सैनिक ट्रेडमैन | | |

5. शारीरिक मापदंड :-

| पद / श्रेणी | उंचाई (सेमी) | वजन (किग्रा) | छाती (सेमी) |
|---|---|---|---|
| सैनिक सामान्य ड्यूटी | 170 | 50 | 77-82 |
| सैनिक तकनीकी | | | |
| सैनिक नर्सिंग सहायक | | | |
| सैनिक ट्रेडमैन | | | |
| सैनिक क्लर्क / स्टोर कीपर तकनीकी | 162 | | |

6. **शारीरिक मापदंड में छूट :-**

| श्रेणी | उंचाई (सेमी) | वजन (किग्रा) | छाती (सेमी) |
|---|---|---|---|
| सेवारत/भूतपुर्व/ विधवा/युध विधवा सैनिक का पुत्र | 2 | 2 | 1 |
| उत्कृष्ट खिलाडी (राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय खेलों मे प्रतिभागिता, राज्यस्तरीय और जिलास्तरीय खेलों मे प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडी) | 2 | 5 | 3 |

7. **पदवार आवश्यक शैक्षणिक पात्रता :-**

| पद / श्रेणी | शैक्षणिक पात्रता शर्ते |
|---|---|
| सैनिक सामान्य ड्यूटी | 10 वी कक्षा 45% के साथ पास, अन्य विषयों में 33% अंक अनिवार्य. यदि 12 वी पास है तो, 10 वी कक्षा में 45% अंक अनिवार्य नही है । |
| सैनिक तकनीकी | 12 वी विज्ञान with Physics, Chemistry, Maths और English 50% अंको के साथ पास होना अनिवार्य है और प्रत्येक विषय मे 40% अंक होना अनिवार्य है । |
| सैनिक क्लर्क / स्टोर कीपर तकनीकी | 12 वी पास English & Maths / Account /Book keeping विषयों के साथ और 60% अंक के साथ, अन्य विषयों में 50% मार्क्स अनिवार्य है । |
| सैनिक नर्सिंग सहायक | 12 वी विज्ञान with Physics, Chemistry, Biology और English 50% अंको के साथ पास होना अनिवार्य है और उपरोक्त विषय मे 40% अंक होना अनिवार्य है । |
| सैनिक ट्रेडमैन | मैट्रिक/ ITI तथा नान मैट्रिक (8 पास केवल House Keeper & Mess Keeper के लिए ) । |

8. **अभ्यार्थीयों के लिए ऑनलाईन पंजीकरण हेतु जरूरी दिशानिर्देश :-**

- आनलाईन आवेदन करने तथा किसी भी प्रकार की सेना भर्ती से सम्बंधित जानकारी के हेतू आर्मी हेक्वाटर की वेव साईट www.joinindianarmy.nic.in पर login करे ।
- आनलाईन आवेदन 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2017 तक होगा ।
- आनलाईन भर्ती का पंजीकरण किसी भी cyber cafe / e-mitra केंद्र अथवा किसी भी कम्पूटर जिसमे Internet सेवा उपलब्ध हो, से किया जा सकता है ।
- आनलाईन पंजीकरण करने से पहले ध्यान पुर्वक सारे निर्देशों को पढे ।
- Scanned Photo (10-20 kb size) और Scanned Signature (05-10 kb size) JPEG format अपने पास उपलब्ध रखें ।
- अपनी व्यक्तिगत जानकारी उसी प्रकार दे जिस प्रकार मेट्रिक प्रमाण पत्र मे दी गई है (जैसे नाम पिता का नाम जन्म तिथी इत्यादि) ।
- पंजीकरण प्रक्रिया के लिए e-mail ID और Mobile No होना अनिवार्या है ।मोबाईल नम्बर e-mail ID से जुडा होना चाहिये ।
- डुप्लिकेट पंजीकरण न करें ।
- पंजीकरण के समय किसी भी प्रकार की गलत जानकारी ना भरें ।
- पंजीकरण के समय घर का स्थाई पता सही भरे ।

- एडमिट कार्ड 31 अक्टूबर 2017 के बाद **अभ्यार्थी** e-mail ID से प्राप्त कर सकता है ।
- **अभ्यार्थी** यह सुनिश्चित करें कि एडमिट कार्ड ब्लैक एण्ड व्हाईट लेजर प्रिंटर से प्रिंट किया हो ।

9. मैदान में प्रवेश करने से पूर्व अभ्यार्थीयों के पास जरूरी मूल दस्तावेज :-

- शिक्षा प्रमाण पत्र और अंक तालिका. तीन तीन छाया प्रतियाँ साथ में।
- मूल निवास प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र (e-Mitra). तीन तीन छाया प्रतियाँ साथ में।
- चरित्र प्रमाण पत्र (फोटो सहित). तीन तीन छाया प्रतियाँ साथ में। (छः माह से पुराना नहीं होना चाहिये)
- अविवाहित प्रमाणपत्र (फोटो सहित). 21 साल से कम उम्रवालों के लिए - तीन तीन छाया प्रतियाँ साथ में।
- एन. सी. सी. (NCC) प्रमाण पत्र (यदि है) - तीन तीन छाया प्रतियाँ साथ में।
- खेल प्रमाण पत्र (यदि है) - तीन तीन छाया प्रतियाँ साथ में।(अंतराष्टीय तथा राष्ट्रीय खेलों मे सहभागीता तथा राज्य तथा जिला स्तरीय खेलो मे प्रथम तथा दुसरा स्थान अनिवार्य है । **खेल प्रमाणपत्र दो वर्ष के पहले का मानय नही है** ।
- आधार कार्ड और PAN कार्ड अनिवार्य है ।
- सहमति-पत्र. सिर्फ 17½ से 18 वर्ष के बीच आयु के उम्मीदवारों के लिए।
- आनलाईन आवेदन द्वारा जारी किया प्रवेश पत्र (Admit Card) की तीन-तीन कापी साथ मे लेके आए ।
- रिलेशनशीप सर्टिफिकेट. सिर्फ सेवारत सैनिक / भूतपुर्व सैनिक / शहीद सैनिक एवं विधवाओ के आश्रितों के लिए।
  - रिलेशनशीप सर्टिफिकेट संबंधित रिकॉर्ड ऑफिसर के द्वारा हस्ताक्षरित तथा उसमे जन्म तिथि आर्मी नं, रैंक, नाम होना अनिवार्य है ।
  - डिस्चार्ज बुक की प्रमाणित प्रति ।
  - कमान अधिकारी द्वारा जारी जन्म तिथि प्रमाण पत्र (केवल सेवारत सैनिक के आश्रितों के लिये) ।
  - रिलेशनशीप सर्टिफिकेट. सेवारत सैनिक / भूतपुर्व सैनिक / शहीद सैनिक एवं विधवाओ के आश्रित 50 रु के स्टांप पेपर पर यह लिखवाना अनिवार्य है कि यह लाभ केवल एक ही पूत्र को दिया गया है । यदि यह गलत पाया गया तो इसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा।

10. **अभ्यार्थीयों के लिए जरूरी दिशानिर्देश** :-

- भर्ती प्रकिया के दौरान अगर किसी अभ्यर्थी को शारीरिक क्षति पहुचती है तो उसकी जिम्मेवारी सेना कि नही होगी ।
- भर्ती प्रकिया के दौरान मोबाईल फोन लाना प्रतिबंधित है ।
- भर्ती प्रकिया के दौरान अगर किसी अभ्यर्थी का सामान/दस्तावेज खो जाता है तो उसकी जिम्मेवारी सेना कि नही होगी ।
- भर्ती प्रकिया के दौरान अगर कोई अभ्यर्थी नशे की हालत में पाया जाता है तो उसे भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा तथा पूलिस थाने में एफ आई आर दर्ज किया जाएगा ।

- भर्ती प्रकिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपने साथ लिखने और खाने-पीने का सामान साथ लेकर आयें ।
- अगर कोई अभ्यर्थी एक से ज्यादा आवासीय पते का प्रयोग करता पाया गया तो उसे भर्ती प्रक्रिया से किसी भी स्तर पर बाहर कर दिया जाएगा ।
- भर्ती होने के लिए किसी फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल एवं किसी तरह से हेरा - फेरी न करें। मूल दस्तावेजों के साथ छेडछाड एक दंडनीय अपराध है और ऐसी स्थिती में पक़डे जाने पर उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा तथा पूलिस थाने में एफ आई आर दर्ज किया जाएगा ।
- विवाहित अभ्यार्थीयों की आयू 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए ।
- छोटा उचित टैटू केवल बाजु के अंदरुनी हिस्से और हथेली का पिछले हिंस्से में मान्य है।
- अभ्यार्थीयों को सूचित किया जाता है कि भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेने के पूर्व अपनी चिकित्सा जांच सिविल चिकित्सा अधिकारी से करवाकर आयें क्योंकि नये नियम के अनुसार रैली मेडिकल के बाद एम एच रिव्यू मेडिकल के लिये अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा ।
- **भर्ती प्रकिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थी सुवह 2 बजे ग्राउण्ड मे पहुचे । सुवह 7 बजे के बाद किसी को ग्राऊण्ड में प्रवेश की अनुमति नही दी जाएगी।**